राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय का 30वां दीक्षांत वर्चुअल समारोह शुक्रवार को

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र करेंगे अध्यक्षता

जयपुर, 07 जनवरी। राज्यपाल एवं राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजस्थान विश्वविद्यालय का 30वां दीक्षांत और 75वां स्थापना दिवस समारोह वर्चुअल आयोजित किया जाएगा।

प्रातः 11 बजे आयोजित होने वाले इस समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री श्री भंवर सिंह भाटी विशिष्ट अतिथि के रूप में ऑनलाइन सम्मिलित होंगे।

———

राज्यपाल से बीएसएनएल के मुख्य महाप्रबंधक की शिष्टाचार भेंट

जयपुर, 07 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से गुरूवार को यहां राजभवन में भारत संचार निगम लिमिटेड के मुख्य महाप्रबंधक दूरसंचार राजस्थान परिमंडल श्री संदीप गोविल ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र से इनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

———